कार्यालय, प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक, राजर्षि महाविद्यालय, अलवर
(An Autonomous Govt. Institutions Affiliated to RRBMU, Alwar)

दिनांक :–

# आवश्यक सूचना

राजर्षि महाविद्यालय अलवर के समस्त छात्रों को सूचित किया जाता है सत्र 2023–24 के राजर्षि राजकीय (स्वायत्तशासी) महाविद्यालय में ड्यू पेपर (Back/ATKT) के सत्रांत् परीक्षा फॉर्म ऑनलाईन वेबसाइट **https://rrcalwar.onlineexamforms.com/** पर निम्नानुसार भरे जायेंगे। परीक्षार्थी उपरोक्त कक्षाओं एवं सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म दिनांक 23.03.2024 से दिनांक 30.03.2024 तक सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ भर सकते हैं।

प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

r/nirdesh

# कार्यालय, प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक, राजर्षि महाविद्यालय, अलवर
**(An Autonomous Govt. Institutions Affiliated to RRBMU, Alwar)**

क्रमांक :– आरआरसी/गोपनीय/ दिनांक :

## सामान्य निर्देश

1. परीक्षा आवेदन पत्र, समय सारणी तथा परीक्षा आयोजन संबंधी अन्य जानकारियों हेतु महाविद्यालय परीक्षा अनुभाग की वेबसाईट https://rrcalwar.onlineexamforms.com/ पर निरन्तर अवलोकन करते रहें।
2. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया व विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही करना होगा। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन सावधानी पूर्वक करें। **परीक्षा फॉर्म की हार्डकॉपी की एक प्रति में यथास्थान पर हस्ताक्षर कर मय आवश्यक दस्तावेजों, पूर्व में उत्तीर्ण कक्षा की अंकतालिका आदि के साथ आगामी दो कार्य दिवसों में महाविद्यालय की अकादमिक शाखा में जमा करायें। परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा।**
3. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा निर्देश महाविद्यालय के परीक्षा अनुभाग की वेबसाईट https://rrcalwar.onlineexamforms.com/ पर उपलब्ध है।
4. फॉर्म ऑनलाईन पूर्ण भरने के पश्चात् भरे गये फॉर्म के आधार पर महाविद्यालय के परीक्षा अनुभाग की वेबसाईट पर ही परीक्षा शुल्क का निर्धारण होगा। इस चरण में फॉर्म प्रिंट नहीं होगा केवल परीक्षा शुल्क का निर्धारण होगा। निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन पेंमेट गेटवे के माध्यम से UPI/Rupay/Debit card/Credit card अथवा Net Banking से ही करना होगा। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के बाद परीक्षा फॉर्म का प्रिंट दो प्रतियों में निश्चित रूप में प्राप्त कर लेवें।
5. परीक्षा फॉर्म भरने संबंधी समस्या के लिये हैल्प लाईन नम्बर 9414315453 एवं ई–मेल rajrishi.onlineexamforms@gmail.com पर सम्पर्क करें।

प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

r/nirdesh

# कार्यालय, प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक, राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

(An Autonomous Govt. Institutions Affiliated to RRBMU, Alwar)

क्रमांक :— आरआरसी/गोपनीय/ दिनांक :

## परीक्षार्थी ध्यान रखें

1. B.Sc. Semester II, IV & VI तथा M.Sc. Semester II & IV की सत्रांत परीक्षा में ड्यू पेपर (Back) परीक्षा/पेपर में बैठने वाले विद्यार्थियों की समस्त सूचनाऐं ऑनलाईन आवेदन पत्र में अपडेट कर दी गई है। यदि कोई भिन्नता होती है तो महाविद्यालय की गोपनीय शाखा में संपर्क करें।
2. परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनायें सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढ़े।
3. एक बार परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् शुल्क वापस नहीं होगा।
4. यदि परीक्षा फॉर्म भरने के दौरान आपके खाते से परीक्षा शुल्क राशि की कटौती हो जाती है परन्तु तकनीकी कारणों से परीक्षा शुल्क का ट्रान्जेक्शन सफल नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में 24 घण्टे के पश्चात् पुनः ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरें।
5. ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने के पश्चात् निर्धारित समय सीमा में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी महाविद्यालय की अकादमिक शाखा में जमा करावें। केवल परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नहीं दी जावेगी।
6. विद्यार्थी ध्यान रखें कि महाविद्यालय में डाक द्वारा या मेल द्वारा प्राप्त परीक्षा फॉर्मो पर विचार नहीं किया जावेगा। अतः ऐसे परीक्षा फॉर्म स्वतः ही निरस्त समझे जायेंगे।

प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

r/nirdesh

# कार्यालय, प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक, राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

(An Autonomous Govt. Institutions Affiliated to RRBMU, Alwar)

क्रमांक :– आरआरसी / गोपनीय /　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक :–

## परीक्षा फॉर्म लॉगिन करने के निर्देश

1. महाविद्यालय के समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले परीक्षा अनुभाग की वेबसाईट https://rrcalwar.onlineexamforms.com/ के होम पेज पर जाकर कोर्स / कक्षा का चयन करना होगा।
2. तत्पश्चात् अपने रोल नं. निर्धारित स्थान पर भरने होगें।
3. उसके पश्चात् परीक्षार्थी अपनी जन्मतिथि या विश्वविद्यालय एनरोलमेन्ट नम्बर या मोबाईल नम्बर भरकर लॉगिन करें।
4. B.Sc. Semester II, IV & VI तथा M.Sc. Semester II & IV के विद्यार्थियों की समस्त सूचनाओं सहित आपका परीक्षा फॉर्म आपकी स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। फॉर्म में अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, रोल नम्बर, फोटो, हस्ताक्षर, जन्मतिथि एवं परीक्षा से संबंधित आपके विषय व प्रश्न पत्रों की जाँच कर लेवें।
5. परीक्षा फॉर्म में यदि कोई भिन्नता है तो महाविद्यालय की गोपनीय शाखा अथवा हैल्प लाईन नम्बर 9414315453 एवं ई–मेल rajrishi.onlineexamforms@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।
6. यदि सभी सूचनायें सही है तो UPI/Rupay/Debit card/Credit card अथवा Net Banking से शुल्क का भुगतान करें।
7. परीक्षा फॉर्म की दो हार्डकॉपी प्राप्त करें, एक हार्डकॉपी अपने पास रखें तथा दूसरी निर्धारित दस्तावेजों के साथ **आगामी दो कार्य दिवसों में महाविद्यालय की अकादमिक शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करावें। परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा नहीं कराने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।**

प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

r/nirdesh